कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार।

(eefcdkatihar@gmail.com)

पत्रांकः– 109 /कटिहार दिनांकः– 22/01/2026

पुर्नकोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–05/2025–26

महानंदा नदी बाढ़ प्रबंधन योजना फेज–II के तहत कुट्टीघाट से बागडोब महानंदा दायाँ तटबंध (46.02 कि0मी0), नागर दायाँ तटबंध (20.10 कि0मी0), कुट्टीघाट झौआ महानंदा दायाँ तटबंध (66.23 कि0मी0), रतवा बायाँ तटबंध (32.92 कि0मी0), रतवा दायाँ तटबंध (33.10 कि0मी0) नये तटबंध निर्माण कार्य में तटबंध के अन्दर नदी भाग में पड़ने वाले आवासित परिवारों को पुर्नवासित करने में होने वाले व्यय का आकलन करने हेतु मुहरबन्द कोटेशन निम्नरूपेण आमंत्रित किया जाता हैः–

1. कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नामः– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार।
2. कोटेशन आमंत्रण की तिथि :– दिनांक 22.01.2026
3. कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.02.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. कोटेशन खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार।
5. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.02.2026 के अपराह्न 03:30 बजे तक।
6. कार्य आवंटन के उपरान्त 30 दिनों के अन्दर पुर्नवास कार्य का आकलन कार्य पूर्ण करना होगा। पुर्नवास कार्य का आकलन कार्य पूर्ण होने के अगले 07 दिनों के अन्दर ऑकड़े प्रमंडलीय कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. कोटेशन के लिफाफे पर एजेंसी का नाम, पता एवं दूरभाष/मोबाईल नं0 अंकित होना चाहिए।
8. कोटेशन दाताओं को अपना दर/राशि अंक एवं अक्षरों में उदृत करना होगा। कोटेशनदाता का कोटेशन मुहरबंद लिफाफा में प्राप्त किया जायेगा।
9. कोटेशन दाताओं को कोटेशन के साथ GST निबंधन एवं पैन कार्ड का स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य होगा।
10. कोटेशन पर GST No. अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
11. कोटेशन द्वारा उदृत दर कोटेशन दिनांक 07.02.2026 के 03:00 बजे अपराह्न तक हाथो–हाथ/निबंधित डाक के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा।
12. कोटेशन दाता द्वारा उदृत दर के आधार पर सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति के उपरान्त ही न्यूनतम दर उदृत करने वाले (L 1) को कार्य आवंटन किया जायेगा।
13. सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
14. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी स्तर पर कोटेशन रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
15. कोटेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय अवधि में या दूरभाष सं0 7463889238 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार

पत्रांक– 109 /कटिहार, दिनांक– 22/01/2026

प्रतिलिपि– सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

कार्यपालक अभियंता
बाढ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार